भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या *435

01.04.2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

विदेशों में की जाने वाली तीर्थ यात्राएं

***435. श्री अशोक कुमार रावत:**

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान विदेशों में स्थित विभिन्न धार्मिक स्थलों की वर्ष और धार्मिक स्थल-वार कितने तीर्थयात्रियों द्वारा तीर्थयात्रा की गई है;

(ख) उक्त तीर्थयात्रियों के चयन हेतु अपनाए गए मानदंडों का ब्यौरा क्या है और उन्हें परिवहन/खान-पान /आवास के संबंध में धार्मिक स्थल-वार कितनी वित्तीय एवं अन्य सहायता प्रदान की गई है;

(ग) क्या उनके लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु प्रभावी कदम उठाए गए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) आगामी वर्षों में कितने तीर्थयात्रियों द्वारा उक्त धार्मिक स्थलों की तीर्थयात्रा किए जाने की संभावना है?

उत्तर

विदेश मंत्री

(डॉ. सुब्रह्मण्यम जयशंकर)

(क) से (घ) विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

***

"विदेशों में की जाने वाली तीर्थ यात्राएं" के संबंध में 01.04.2022 को उत्तरार्थ लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *435 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

सरकार संबंधित विदेशी सरकारों के समन्वय से विदेशों में तीर्थयात्रा पर जाने वाले तीर्थयात्रियों को लॉजिस्टिक सुविधा प्रदान करने तथा उनके हित-कल्याण के मामलों में शामिल रहती है। इन तीर्थ यात्राओं में हज, कैलाश मानसरोवर और पाकिस्तान के धार्मिक पूजा स्थल शामिल हैं। सरकार तीर्थयात्रियों को कोई प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता या मौद्रिक सब्सिडी प्रदान नहीं करती।

2. कोविड महामारी और संबंधित देशों द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के कारण, वर्ष 2020 और 2021 में हज और कैलाश मानसरोवर की तीर्थयात्रा नहीं हो सकी। तथापि, पाकिस्तान में स्थित धार्मिक स्थलों की तीर्थयात्रा की गई थी।

3. पिछले तीन वर्षों के दौरान, 2019 में कुल 1,99,936 तीर्थयात्रियों ने हज यात्रा की; जबकि 2020 और 2021 में कोई हज यात्रा नहीं हुई।

4. पिछले तीन वर्षों के दौरान, 1,346 तीर्थयात्रियों ने कैलाश मानसरोवर यात्रा की। वर्ष 2020 और 2021 में कोई तीर्थ यात्रा नहीं की गई।

5. पिछले तीन वर्षों के दौरान, वर्ष 2019 में कुल 4,186 तीर्थयात्री, 2020 में 1,330 तीर्थयात्री और 2021 में 5,425 तीर्थयात्री पाकिस्तान स्थित धार्मिक स्थलों की यात्रा पर गए।

6. गुरुद्वारा दरबार साहिब करतारपुर, पाकिस्तान जाने के लिए तीर्थ यात्रियों की सुविधा के लिए पाकिस्तान सरकार के साथ दिनांक 24 अक्टूबर 2019 को हस्ताक्षरित करार के अनुसार, 2019 में कुल 34,194 तीर्थयात्रियों, 2020 में 28,315 तीर्थयात्रियों और 2021 में 9,738 तीर्थयात्रियों ने गुरुद्वारा दरबार साहिब स्थल, करतारपुर की यात्रा की।

7. सरकार इन धार्मिक स्थलों के खुलने के बाद तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए संबंधित देश की सरकारों के संपर्क में है।

***